बड़ी किस्मत से श्याम तेरा द्वार पाया है लिरिक्स

मेरे कर्मो का लेखा,
दर पे तेरे लाया है,
बड़ी किस्मत से श्याम,
तेरा द्वार पाया है,
बडी किस्मत से श्याम,
तेरा द्वार पाया है।bd।

badi kismat se shyam tera dwar paya hai

तर्ज – तेरी उम्मीद तेरा इंतजार।

दिल में लाखो ही गम छुपाए है,
मैंने सबको यहाँ दिखाए है,
पर कही इनकी ना दवा पाई,
हार कर तेरे दर पर आई है,
हार कर तेरे दर पर आई है,
देख कर मैंने तुझको,
सारा गम भुलाया है,
बडी किस्मत से श्याम,
तेरा द्वार पाया है।bd।

दीन दुखियों का तू ही साथी है,
सारी दुनिया मुझे बताती है,
मैंने भी डोर अपने जीवन की,
तेरे हाथों में अब थमा दी है,
तेरे हाथों में अब थमा दी है,
तूने ना जाने कितनो को,
गले लगाया है,
बडी किस्मत से श्याम,
तेरा द्वार पाया है।bd।

छोड़कर श्याम तेरी चौखट को,
मैं कही भी ना जाउंगी अब तो,
अब यही जीना यही मरना है,
'शर्मा' दिल की बताता है तुमको,
'शर्मा' दिल की बताता है तुमको,
तेरी चौखट पे बड़ा,
चैन सुकून पाया है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com
Bhajan Diary Lyrics,

बडी किस्मत से श्याम,
तेरा द्वार पाया है।bd।

मेरे कर्मो का लेखा,
दर पे तेरे लाया है,
बड़ी किस्मत से श्याम,
तेरा द्वार पाया है,
बडी किस्मत से श्याम,
तेरा द्वार पाया है।bd।

Singer – Sapna Vishwakarma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com